राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा)

(मानित विश्वविद्यालय, यूजीसी अधिनियम, **1956** की धारा **3** के अंतर्गत)

17-बी, श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-**110016**

शिक्षा और विकास में स्नातकोत्तर के लिए प्रवेश सूचना

शैक्षणिक सत्र: 2024-25

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (नीपा) द्वारा शैक्षणिक सत्र: 2024-25 के 'शिक्षा और विकास' में दो वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर (एमएईडी) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
योग्यता: संबंधित वैधानिक नियामक निकाय द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से किसी भी विषय में 3-वर्षीय या 4-वर्षीय स्नातक की डिग्री या किसी विदेशी शैक्षणिक संस्थान से समकक्ष योग्यता।

स्नातक कार्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर के अभ्यर्थी भी आवेदन के पात्र हैं। हालाँकि, उन्हें प्रवेश तिथि पर स्नातक कार्यक्रम के सफल समापन का प्रमाणपत्र/अंकपत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रवेश की तिथि पर स्नातक कार्यक्रम के सफल समापन का उल्लेख करने वाला प्रमाणपत्र/अंकपत्र जमा करने में असमर्थ अभ्यर्थियों का आवेदन स्वतः निरस्त हो जाएगा।

चयन प्रक्रिया: पात्र अभ्यर्थियों को संस्थान की राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होना होगा और उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार देना होगा। प्रवेश परीक्षा दो घंटे (**120** मिनट) की होगी। परीक्षा में अधिकतम **100** अंकों के साथ 'वर्णनात्मक प्रश्न' शामिल होंगे। प्रश्न सामाजिक विज्ञान विषयों से होंगे। प्रवेश परीक्षा (लिखित परीक्षा) 'ऑनलाइन/ऑफलाइन' मोड में आयोजित की जाएगी।
प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को आमने-सामने या ऑनलाइन साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार समिति के साथ संवाद करना होगा। साक्षात्कार 50 अंकों का होगा।

प्रवेश परीक्षा (100 अंक) और साक्षात्कार (50 अंक) में प्रदर्शन के आधार पर मेरिट सूची (150 अंकों में से) तैयार की जाएगी और अभ्यर्थियों को संबंधित श्रेणियों में उनकी योग्यता के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा।

आवेदन प्रक्रिया: प्रवेश के इच्छुक सभी आवेदकों को आधिकारिक वेबसाइट http://www.niepa.ac.in के माध्यम से

ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए।

प्रवेश हेतु आवेदन प्रस्तुत करना: राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान के शिक्षा और विकास स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को निर्धारित फॉर्म में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। शिक्षा और विकास में स्नातकोत्तर (एमएईडी) कार्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र भरने और जमा करने के लिए ऑनलाइन लिंक नीपा की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

अनु.जा/अनु.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांग और आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (इ.डब्ल्यू.एस.) के तहत आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि आवेदन पत्र भरने की तारीख तक उनके पास अधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी वैध प्रमाण पत्र हो। जो अभ्यर्थी अपनी योग्यता और श्रेणी से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करेंगे, उनके आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे। इस संबंध में आगे पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आवेदन शुल्क: कार्यक्रम में प्रवेश के लिए सामान्य श्रेणी और अ.पि.व. (क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों के लिए 1000/- रुपये और अनु.जा/अनु.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर)/दिव्यांग/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग (इ.डब्ल्यू.एस.)/ महिला अभ्यर्थियों के लिए 500/- रुपये का अप्रतिदेय प्रवेश शुल्क, ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश परीक्षा शुल्क के रूप में जमा करना अनिवार्य है।

विवरणिका: विवरणिका, परीक्षा पाठ्यक्रम और किसी भी सामान्य प्रश्न के लिए, कृपया देखें: http://www.niepa.ac.in किसी भी विशेष जानकारी के लिए कृपया **ई-मेल: maedadmission@niepa.ac.in पर भेजें** और फोन: **011-26544823** पर संपर्क करें**.**

महत्वपूर्ण तिथियाँ:	
ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि	अप्रैल 01, 2024
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	जून 16, 2024
लिखित परीक्षा	जुलाई 02, 2024
व्यक्तिगत साक्षात्कार	जुलाई 09, 2024
अंतिम परिणामों की घोषणा	जुलाई 16, 2024
प्रवेश	जुलाई 22, 2024
कक्षाओं का प्रारंभ	जुलाई 29, 2024